जब जब भी बाबा तुमसे नैनो से नैन मिलाये

जब जब भी बाबा तुमसे नैनो से नैन मिलाये नैना मेरे भर आये,

याद करू मैं मेरा बीता ज़माना,
कोई नहीं था बाबा मेरा ठिकाना,
दर दर की लाखो मैंने ठोकर थी खाई,
किस्मत मेरी तेरे दर पे ले आयी,
बाहे फैला के मुझको अपने गले लगाये,
नैना मेरे भर आये.........

जिस दिन से थामा बाबा हाथ ये मेरा,
दूर हुआ जीवन का अँधेरा,
खुशिया ही खुशिया मेरे जीवन में आई,
संग संग में रहता मेरे जो परछाई,
जान गया कैसे तू हारे को जीत दिलाये,
नैना मेरे भर आये........

रिश्ता बनाया है तो साथ निभाना,
अपने बेटे को दिल से न भुलाना,
श्याम की बाबा बस यही तमाना,
किरपा तुम्हारी कभी मुझपे हो कम न,
दिल की ये बाते अपने दिलबर को जब बतलाये,
नैना मेरे भर आये,

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/11497/title/jab-jab-bhi-baba-tumse-naino-se-nain-milaye-naina-mere-bhar-aaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |